**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने किया रैनबसेरा निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण करते हुए जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रैनबसेरा परिसर में साफ-सफाई का ध्यान दें। परिसर को हमेशा साफ-सुथरा रखें। कलेक्टर ने कहा कि रेन बसेरा में मरीजों के परिजनों के लिये ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही रेन बसेरा का नियमित रूप से फॉलोअप करने के साथ-साथ पर्याप्त प्रकाश और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, सीएमओ नगर पालिका गजानन नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्लडबैंक से प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाएं- कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लडबैंक का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि ब्लडबैंक से प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उपलब्ध मशीनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। मशीनों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ब्लड की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए 17 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, सीएमओ नगर पालिका गजानन नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### कब तक सहेगा हिंदू स्वयं पर अत्याचार, अनाचार

# हिंदू पर हिंसा का पुरजोर विरोध






*** रैली निकालकर आक्रोशित लोगों ने सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हिन्दुत्व को एक जीवन पद्धति बताया गया है हिन्दु समाज वसुधैव कुटुम्बकम की परिपाटी पर चलता है यह किसी भी जीव पर न तो हिंसा करता है और न ही हिंसा पर इसका विश्वास है फिर क्यों देश हो या विदेश हिन्दु अत्याचार का शिकार हो रहा है। पिछले कुछ समय से लगातार पड़ोसी देशों में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से हिन्दु समाज दुखित है और हालही में बांग्लादेश में जो हिन्दुओं के विरूद्ध खुलेआम हिंसा हो रही है उससे अब हिन्दुओं में आक्रोश आना स्वाभाविक है कल इसी तरह का आक्रोश लोगों में नजर आया हालांकि अपने स्वभाव की तरह यह आक्रोश संयमित एवं शांति पूर्ण रहा लेकिन आगे भी ऐसा होता रहेगा इस पर अब संशय की रेखायें नजर आने लगी हैं। चूंकि बर्दाश्त की भी एक सीमा होती है विभाजन के बाद पाकिस्तान में हिन्दु अल्पसंख्यक से कुछ संख्या तक सीमित हो गया अफगानिस्तान से उसे भगाया गया और अब बांग्लादेश से निकाला जा रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रही हिंसक घटनाओं के विरोध में बुधवार को मण्डला में विरोध प्रदर्शन किया गया। सनातन चेतना मंच के बैनर तले जिले के हिंदूवादी संगठनों ने रैली निकाली और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व रेडक्रास भवन के सामने संत समाज की अगुवाई में सभा आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार को रोकने यूनाइटेड नेशन से हस्तक्षेप का आव्हान किया।

### अंतरराष्ट्रीय संगठनों से हस्तक्षेप की अपील

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, भागवताचार्य नीलू महाराज, पूरन सिंह ठाकुर, उर्वशी राय, पुष्पा ज्योतिषी और कमलेश अग्रहरि ने मंच से संबोधित किया। उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए वहां की सरकार को चेतावनी देने का आव्हान किया। साथ ही यूनाइटेड नेशन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ से बांग्लादेश में जारी नरसंहार रोकने तत्काल हस्तक्षेप कर अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करने की अपील की।

### बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ करे एकजुटता प्रदर्शित

वक्ताओं ने कहा कि हिंदुओ और हिंदु संस्कृति के विरुद्ध एक अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र के तहत बांग्लादेशी हिंदुओं का नर संहार किया जा रहा है। हिंदुओ पर हमला करने वाले इन कट्टरपंथियों को वहां की यूनुस सरकार का समर्थन प्राप्त है। इसलिए इन आतताइयों के बजाय पीड़ित हिंदुओं पर ही कार्रवाई की जा रही है। आज बांग्लादेश के हिंदुओं को विश्व भर से समर्थन और सहयोग की नितांत आवश्यकता है। इसलिए देश के आम हिंदु समाज को बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर ऐसी अमानवीय घटनाओं का विरोध प्रकट करना चाहिए।

### हिंदु समाज की मांग

सनातन चेतना मंच संयोजक अरविन्द शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम मांग की गईं है कि भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश सरकार पर दबाव डाला जाए ताकि वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और स्वामी चिन्मय प्रभु की बिना शर्त रिहाई की जा सके। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के माध्यम से बांग्लादेश सरकार को इन अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित किया जाए। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। जिन हिंदू परिवारों को उनकी जमीन और घरों से बेदखल किया गया है, उन्हें उनके मूल स्थानों पर पुनर्स्थापित किया जाए।

कार्यक्रम के बाद हाथों में तख्ती थामे लोगों ने रैली निकाली और जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नीलू महाराज, शारदात्मानंद, प्रेमानंद, आचार्य भीमदेव मंचासीन रहे। साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न हिंदूवादी और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहित आमजन शामिल हुए।



# दीवार में सुरंग बना कर की गई चोरी



*** गुल्लक तोड़कर चिल्हर के साथ बकरा भी ले गये चोर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जयराम मरावी एवं उनकी पत्नि किसी भी प्रकार की आहट पाकर नींद से उठ जाते थे, लेकिन रविवार की रात्रि को क्या हुआ इनकी नींद को, ये पति-पत्नि अपने घर पर सो रहे थे और चोर दीवाल में सुरंग बनाकर घर पर घुस गये और घण्टों पूरे सामान की तलाशी करते रहे। नगदी, जेवर, बर्तन एवं बच्चों के गुल्लक तोड़कर चिल्हर भी ले गये, साथ में छोटी बकरियों को वहीं छोड़कर एक बड़ा बकरा भी ले गये। लेकिन उस दिन पति-पत्नि की नींद को क्या हुआ जो ये जाग नहीं पाये। अब सारा सामान चोरी होने के बाद इनके परिवार में मातम छाया हुआ है। यह घटना पौंड़ी लिंगा पुलिस चौंकी के अन्तर्गत ग्राम झालपानी की है, अब इस मामले को लेकर पुलिस अपने तरीके से चोरों की तलाश कर रही है। वहीं इस परिवार का मानना है कि हमारे घर में चोर आलमारी, गोदरेज एवं अन्य स्थानों की घण्टों तलाशी करते हुए सारा सामान ले गये और हमको भनक तक नहीं लगी। अब इनका मानना है कि यह चोरी तंत्र मंत्र के सहारे की गई है। अब देखना होगा कि चोर कब तक पकड़े जाते हैं या बच जायेंगे।



## गजेन्द्र इंटरनेशनल एथनोफार्माकोलाजी एंड ट्रेडिशनल हीलर्स कॉन्क्लेव के कन्वीनर बने



**मण्डला।** अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला मण्डला के गजेन्द्र ने मण्डला जिले का नाम एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। गजेन्द्र को दसवें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2024 के एसोसिएट इवेंट इंटरनेशनल एथनोफार्माकोलाजी एंड ट्रेडिशनल हीलर्स कॉन्क्लेव का कन्वीनर मनोनीत किया गया है। कॉन्क्लेव के सत्रः कंजर्वेशन, प्रमोशन एंड डेवलमेंट ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स बेस्ड ऑन ट्रेडिशनल नॉलेज में गजेन्द्र पेनल मेम्बर रहेंगे। दसवें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का आयोजन वर्ल्ड आयुर्वेद फाउंडेशन,आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयुर्वेद का महाकुंभ कहा जाने वाले यह आयोजन 16 सिनेरजेस्टिक सब थीम्स और एंसिलरी इवेंट्स के साथ आयुर्वेद का सबसे बड़ा इवेंट है। उत्तराखंड राज्य के देहरादून के परेड ग्राउंड में 12 से 15 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाले दसवें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो में 54 देशों से 5000 + डेलिगेट्स, 500 + इंटरनेशनल डेलिगेट्स शामिल होंगे। दसवें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो में 1000 + ओरल प्रेजेंटेशन, 2000 + पोस्टर प्रेजेंटेशन और 9 थीम पर 9 प्लेनरी सत्र होंगे।

## अधिवक्ता संघ भुआबिछिया ने आयोजित किया निःशुल्क दंत रोग जांच व परामर्श शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



अधिवक्ता संघ भुआबिछिया द्वारा बुधवार को निःशुल्क दंत रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। अधिवक्ता संघ कार्यालय में माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भुआबिछिया श्रीमति मीनल गजबीर ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में जिला चिकित्सालय मण्डला में पदस्थ डॉक्टर शिवम पटेल ने न्यायाधीश, अधिवक्तागणों, न्यायालीन कर्मचारियो, अधिवक्ता लिपिकों का मुख एवं दंत परीक्षण किया। परीक्षण उपरांत अधिवक्ता संघ द्वारा चिकित्सक के परामर्श अनुसार निःशुल्क दवाईयां, माउथ वॉस, टूथ पेस्ट प्रदान किए गये। शिविर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विजय चौरसिया सचिव पीयूष पांडेय कोषाध्यक्ष बलराम शर्मा सहसचिव नानकराम धुर्वे ग्रंथालय प्रभारी दिलीप कोर्वे अधिवक्तागण भवानी उद्दे संदीप पटेल जयप्रकाश मिश्रा रक्षा कोष्टा विनय यादव हर्षित राय रामकुमार यादव उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया सीवरेज लाईन के कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के उदय चौक, सराफा बाजार, बुधवारी सहित अन्य वार्डों में निर्माणाधीन सीवरेज लाईन के कार्य का निरीक्षण किया। सिंघवाहिनी वार्ड एवं आजाद वार्ड में चल रहे सड़क के डाम्हलीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा की गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कार्य करें। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कचरा वाहन का समय निर्धारित करते हुए प्रत्येक वार्डों का भ्रमण कराएं। वार्डों को साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही करें। बिजली के खम्बे को व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने वार्डवासियों से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, सीएमओ नगर पालिका गजानन नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**समाजसेवा** | **बच्चों को ठंड से राहत के लिए वितरित किए ऊलन वस्त्र।**

# इनर व्हील क्लब ने बेहंगा गांव में की सामाजिक सेवा





*** खेलों के प्रति बढ़ाया उत्साह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सामाजिक सेवा और बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित इनर व्हील क्लब मण्डला ने बेहंगा गांव में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। ठंड के मौसम में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से गांव के 27 बच्चों को स्वेटर, मोजे और टोपी वितरित किए गए। यह कदम बच्चों को ठंड से बचाने के साथ-साथ उनके प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का एक अनुकरणीय उदाहरण बना, कार्यक्रम के दौरान न केवल बच्चों की भौतिक आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया बल्कि उनके शारीरिक विकास और मानसिक स्फूर्ति को भी बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कबड्डी, खो-खो और 100 मीटर दौड़ जैसे खेलों ने बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार किया। इन खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों और प्रतिभागियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही बच्चों को खाने-पीने की सामग्री वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाई गई।इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा मोना जैन, सचिव श्रद्धा तपा, सुनीता पमनानी और अनीता चंद्रौल की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और खेलों के महत्व पर जोर दिया। इनर व्हील क्लब के इस प्रयास ने न केवल बच्चों की ठंड से सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक विकास की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम उठाया।गांव के बच्चों और उनके परिवारों ने इस आयोजन की सराहना की और इनर व्हील क्लब मण्डला को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम ने समाज में सेवा, सहयोग और सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। क्लब के इस प्रयास ने यह साबित किया कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।इनर व्हील क्लब मंडला के इस योगदान की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। क्लब ने यह साबित कर दिया कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए ठोस कदम उठाना हर किसी के लिए संभव है।

# नारायणगंज मे सिविल न्यायालय नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

विकासशील युग में उच्च शिक्षित वर्ग ही व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित हो और झूठ का सहारा लेकर क्षेत्र के विकास में बाधक बन जाये तो इसे व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रेरित नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे? नारायणगंज तहसील मुख्यालय से निवास की दूरी 40-45 कलोमीटर है जिसे निवास बार एसोसिएशन के सम्मानीय सदस्य गण 25 किलोमिटर बताकर माननीय उच्च न्यायालय को भी गुमराह कर रहे हैं। निवास बार एसोसिएशन के सदस्यों को केवल तहसील मुख्यालय नारायणगंज एवं निवास की दूरी दिखती है। लेकिन तहसील क्षेत्र नारायणगंज का क्षेत्र कितना विस्तृत फैला हुआ है वो नहीं दिखता है। नारायणगंज तहसील मुख्यालय से पश्चिम की आख़िरी सीमा 50-60 किलोमीटर उत्तर पश्चिम दिशा की सीमा 80-90 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम दिशा की आख़िरी सीमा 50-60 किलोमीटर उत्तर सीमा 50 किलोमीटर और दक्षिण सीमा 40-50 किलोमीटर तक फैला हुआ है। इन क्षेत्रों के वाशिन्दो को सिविल न्यायालय निवास की दूरी तर करने के लिए 80 से 100 किलोमीटर की दूरी कुछ पैदल तो कुछ दूरी वाहन से तय करना पड़ता है जिसके लिए तन मन धन और समय बर्बाद होता है इस बात को निवास बार एसोसिएशन के सम्मानीय सदस्य सब जानते हैं फिर भी नारायणगंज में सिविल न्यायालय स्थापना का विरोध करते हैं।

इसलिए व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर तहसील मुख्यालय नारायणगंज में वर्षो से लम्बित सिविल न्यायालय स्थापना की मांग लोकहित-जनहित की दृष्टि से उचित है। हाँ निवास बार एसोसिएशन के सदस्यों के व्यक्तिगत स्वार्थ की दृष्टि से शायद अनुचित हो सकता है चूंकि उनके लिए प्रकरण कम हो जायेंगे लेकिन निवास क्षेत्र की आम जनता को नारायणगंज में सिविल न्यायालय स्थापना से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और न ही कोई लेना देना है चूंकि निवास सिविल न्यायालय बंद करने की मांग तो कर नहीं रहे हैं वो तो यथावत रहना है।

इसलिए नारायणगंज तहसील क्षेत्र की जनता एवं सर्व दलीय विकास संघर्ष मोर्चा तहसील क्षेत्र नारायणगंज माननीय उच्च न्यायालय और विधि एव विधायी कार्य विभाग म.प्रशासन से विनम्र अपील करते हैं कि निवास बार एसोसिएशन के झूठे एवं स्वार्थपूरण याचिकाओं को नजरान्दाज एवं निरस्त करते हुये और सिविल न्यायालय स्थापना के पूर्व आदेश को यथावत रखते हुये नारायणगंज में सिविल न्यायालय स्थापना कर क्षेत्र की जनता को अनुग्रहित करें।

## खबर संक्षेप

### प्रांतीय बैठक में शामिल हुये गाडरवारा नगर पालिका के अनेक अधिकारी व कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगरी निकायम कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक बीते हुये दिवस प्रदेश की राजधानी भोपाल ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के सभा कक्ष में आयोजित की गई । बताया जाता है कि इस बैठक में गाडरवारा नगर पालिका परिषद में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा भी शामिल होकर अपना योगदान दिया गया। वही बैठक में ऐजेंडावार विचार विमर्श संघ के महामंत्री गुलाब राव देशमुख द्वारा किया गया तथा बैठक में सभी विषयों पर सर्वसम्मति प्रदान की गई, एक विषय अतिरिक्त शामिल किया गया। जिसमें राजस्व, स्कूल शिक्षा, पुलिस आदि विभागों की तरह उच्च पद का प्रभार पदोन्नति से वंचित विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों और अधिकारियों को देने संबंधी क्रियान्वयन हमारे विभाग द्वारा भी किया जाए। वही बताया जाता है कि इस बैठक में गाडरवारा नगर पालिका से जयंत ब्राउन, अनिल साहू, नितिन सोनी, आनंद कौरव के आलवा योगेश मालवीय ने अपनी मौजूदगी प्रदान की गई।

### कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना आसामजिक तत्वों का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवसथा कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के लिये निर्देशित किया जा रहा है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवसथा दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़यि का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोलबाला रहता है? वही यहां पर अनेक रंगीन मिजाज के लोगों के एकत्र होने के कारण अनेक प्रकार के अश्लील दृश्य भी देखने मिल रहे है..? जिसमें बताया जाता है कि मनचलों द्वारा कुछ बाहरी मनचले किस्म के महिलाओं व पुरूषों का जमावड़ा लगा रहे से पूर्णरूप से इस क्षेत्र को अपनी अश्लीलता का क्षेत्र बनते हुए दिखाई देने लगा है। ज्ञात हो कि इस जगह से ही गाडरवारा करेली मार्ग लगा होने के कारण इस मार्ग से देर रात तक लोगों का निकलना लगा रहता है। वही दूसरी ओर महिलाओं का भी आना जाना बना रहने के कारण जब इस प्रकार के कृत्य चलते है तो यहां से निकालने वाले लोगों सहित यहां पर रहने वाले सभ्य परिवार के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर सड़क मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ भी यहां पर मौजूद रहने वाले आसामजिक तत्वों द्वारा छीटाकशी करने से नही चूकते है जिसके चलते महिलाओं को इस क्षेत्र से गुजरना दुभर होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि शाम के समय शमशान घाट क्षेत्र में बिगड़ रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर अपनी गस्त व्यवस्था चौकस की जावे, जिससे ग्राम व क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने से बच सके।

### कार चालक पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सूखाखैरी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं अपने पिता योगेंद्र गौंड और बृजेश मेहरा के साथ तीनो मजदूरी करने के लिये मोटर साईकल से सूखाखैरी से गाडरवारा आ रहे थे । तभी हम लोग कांच मंदिर के पास चीचली रोड पहुंचे तो हमारी पहचान के कुछ मिल जाने के कारण अपनी मोटर साइकिल रोड के किनारे खडी कर उनसे बात करने लगे तभी मैने देखा की एक चार पहिया वाहन कार का चालक अपने वाहन को तेज गति लापरवाही पूर्वक व खतरनाक तरीके से चलाते हुये आया और मो.सा. पर बैठे योगेंद्र गौड, बृजेश मेहरा एवं उनके साथ में खडे नीरज केवट, बक्तो बाई चौधरी को टक्कर मार दिया । जिससे चारो नीचे जमीन पर गिर गये। घटना में चारों को चोटे अपने पर पुलिस ने आरोपी कार क्रमांक MP04CU3148 के चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# सड़को पर मौत का सायरन बजाते हुये डबल ट्राली के ट्रेक्टर

## नियम विरूद्ध होने के बाद प्रशासन की चुप्पी के चलते हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में जाती है लोगों की जान





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां एक ओर आये दिन आरटीओं से लेकर पुलिस अधिकारियों को छोटे मोटे वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढाते हुये उनके खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर हर वर्ष जिस तरह खुलेआम नियमों को दर किनार करते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली का उपयोग करने वालों को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष गन्ना का सीजन शुरू होते हुये फिर क्षेत्र की सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये मौत का सायरन बजाते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह ट्रेक्टर कोई किसानों के नही होते है यह तो दूसरे प्रांत से आये हुये उन लोगों के होते है जो अपने निजी स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में धड़ल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करते हुये देखे जाने के बाद भी इनकी मनमानी को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित तौर से संरक्षण की मुद्रा की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि गन्ना सीजन शुरू होते ही क्षेत्र की सड़को पर गन्ना ढोने वाली डबल ट्रालियों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है जो इस वर्ष भी शुरू हो चुकी है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाना जहां यातायात नियमों के खिलाफ माना जाता है। मगर इसके बाद भी पुलिस लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित तौर एक बड़े खतरे की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। क्षेत्र की सड़को पर डबल ट्राली लगाकर चलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में डबल ट्रालियों के संचालन से क्षेत्र में अनेक घटनाएं घटित होते हुये देखी जा चुकी है जिसमें जहां अनेक लोगों को अपनी जिन्दगी गबाने के लिये मजबूर होना पड़ा है या फिर घटनाओं के शिकार होकर अपनी अपंगता के चलते उनका जीना दुभर होने से नही बच पाया है, कुछ इसी तरह का इस वर्ष पुनः देखने मिलना शुरू हो चुका है? इस समय क्षेत्र की सड़कों पर बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। जबकि बीते हुये वर्षो में क्षेत्र के लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया था तो उस समय यहां पर तैनात रहे कर्त्तव्य निष्ठ पुलिस से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने इस तरह डबल ट्रालियों के संचालन पर तुरंत रोक लगवाते हुये सख्त कार्यवाही की गई थी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर इस वर्ष फिर सड़कों पर दौड़ रही इस प्रकार से नियम विरूद्व डबल ट्रालियों को लेकर मीड़िया के केमरों पर रौब झाड़ने वाले अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से उदासीनता बरती जा रही है उसे देखकर तो यह जान पड़ रहा है कि शायद गन्ना मिलों से मिलने वाली लक्ष्मी रूपी मिठी सुगंध के चलत अधिकारियों को आम लोगों की जिन्दगी से कोई लेना देना नही रह गया है? शायद इसी का परिणाम में है कि क्षेत्र की सड़कों पर यातायात नियमों के विपरीत डबल ट्रालियाँ लगाकर दौड़ाने वालों के हौसले बुलंद होना शुरू हो चुके है। जबकि देखा जावे तो पूर्व के वर्षो में जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानियों को गंभीरता से लेते हुये इस तरह नियम विरूद्व दौड़ने वाले डबल ट्राली ट्रेक्टरों के संचालन पर कार्यवाही करते हुये रोक लगाई गई थी। मगर इस वर्ष प्रशासन की उदासनीनता के चलते आम लोगों की जिन्दगी जहां लगातार खतरे में दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर बाहर से आये हुए लोगों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह नगर सहित गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, कौड़िया, चीचली, पलोहा मार्ग सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर खुलेआम एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए देखे दिखाई देने लगे है। इस समय देखने मिल रहा है कि क्षेत्र के गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, कौडिया, बोहानी, खुलरी, पलोहा, बारहाबड़ा सहित संपूर्ण क्षेत्र में बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम एक ट्रेक्टर में गन्ने से भरी हुई डबल ट्राली लगाते हुए सड़कों पर दौड़ाने से नही चूक रहे है जो यातायात नियमों की धज्जियाँ उढ़ाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा बनते हुये देखे जा रहे है? इस संबंध में जब क्षेत्र के जागरूक लोगों से चर्चा की गई थी तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उनका उपयोग करना पूर्णरूप से नियम के विरूद्व है इतना ही नही इस प्रकार से डबल ट्रालियों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर कानून के जानकारों का कहना है कि किसी वाहन में अपने निर्धारित मापदंडो के अतिरिक्त उसका संचालन किया जाता है तो वह निश्चित ही नियम विरूद्व माना जाता है और इस प्रकार से एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर परिवहन करना गलत तथा इनसे आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है? यदि समय रहते हुये यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही नियम विरूद्व डबल ट्रालियों के खिलाफ मुहिम शुरू नही की गई तो निश्चित क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी बीते हुये वर्ष जारी किये गये थें। मगर लगता है कि शायद वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सिर्फ मुनादी तक ही सीमित होकर रहे गये है? यह बात जरूर है कि आदेश के कुछ दिनों तक नपा के अधिकारियों को कभी कभार बाजार में निकलकर कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की औपचारिकता जरूर निभाई गई थी। मगर शासन के इस आदेश को नगर पालिका से लेकर तहसील स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है उसका परिणाम है कि बाजार में भी पनी की की बाढ़ आते हुये देखी जाने लगी है तो दूसरी ओर शासन के इस आदेश को नजर अंदाज किये जाने के चलते सक्षम अधिकारियों की उदासीन कार्य प्रणाली उजागर होने से भी नही बच पा रही है? शायद इसी का परिणाम है कि शासन का प्रतिबंध आदेश के बाद भी इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाते हुये देखा जाना निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदारानी कार्य प्रणाली को उजागर करने से नहीचूक रहा है। क्योंकि पॉलिथिन के उपयोग पर शासन द्वारा पर्यावारण की रक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रतिबंध का निर्णय लिया गया था तो दूसरी ओर हर तहसील से लेकर नगर पालिका हो या फिर ग्राम पंचायतों के अधिकारियों को इस र कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें मगर शासन का आदेश मात्र चार दिन की चांदनी फिर .....साबित होने से नही चूक पाया है? यदि पॉलीथिन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बडे चिकित्सों से लेकर वैज्ञानिको द्वारा बाया जाता है कि पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है और शायद इसी सोच के चलते शासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थें। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि बाजार में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है।

## कलेक्टर ने तहसील सभागार में की राजस्व महाअभियान 3.0 और सीएम हेल्प लाइन के कार्यों की समीक्षा, एक प्रभारी राजस्व निरीक्षक सहित 8 पटवारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**




मंगलवार को जिला कलेक्टर द्वारा गाडरवारा क्षेत्र का दौरा करते हुये अनेक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान की गई। बताया जाता है कि इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी- कर्मचारी राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यों में गति लायें। राजस्व महाअभियान के तहत लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि के साथ समय-सीमा में हो। उक्त निर्देश कलेक्टर ने गाडरवारा तहसील सभागार में आयोजित राजस्व महाअभियान 3.0 और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान दिये। इस बैठक में एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक,पटवारी, राजस्व विभाग का अमला मौजूद था। वही बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरस्ती, सीमांकन, नक्शा अद्यतन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री व परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। वही समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एक प्रभारी राजस्व निरीक्षक व 8 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जाता है कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि सर्किल अंतर्गत ज्यादातर पटवारी हल्कों में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग की प्रगति अत्यंत न्यून है। इस पर जानकारी लेने पर भी संबंधितों द्वारा कोई संतोष जनक एवं समाधान कारक उत्तर नहीं दिया गया, साथ ही समीक्षा के दौरान यह बिंदु भी प्रकाश में आया है कि इनके द्वारा वरिष्ठ अधिकारी एवं सर्किल के पटवारियों के साथ समन्वय से कार्य नहीं किया जा रहा है। उपरोक्त कृत्य के कारण शासन के महत्वाकांक्षी अभियान का लाभ हितग्राहियों एवं कृषकों को नहीं मिल पा रहा है। इस तरह अपने दायित्वों के निर्वाहन में लापरवाही बरतने की सच्चाई सामने आने पर कलेक्टर ने सर्किल करपगांव के प्रभारी राजस्व निरीक्षक छोटेलाल ठाकुर, मानेगांव/ अर्जुनगांव के पटवारी प्रशांत झारिया, बाबई खुर्द के पटवारी कुमार साहब पटैल, सुदरास खैरी की पटवारी सुश्री अनीता श्रीवास्तव, महगवां कला एवं खुर्द की पटवारी सुश्री स्वाति पटैल, खला की पटवारी सुश्री अंजली ठाकुर, पनागर के पटवारी संजय चौरसिया, धमेटा के पटवारी राजकिशोर धुर्वे और पतलोन/ इमलिया के पटवारी वीरेन्द्र उर्रव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। वही राजस्व महाअभियान में गति लाने के सख्त निर्देश दिये गये है। इस तरह जिला कलेक्टर द्वारा अपनाये जा रहे सख्त रवैया के चलते जहां राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मची हुई देखी जा रही है..? यदि गाडरवारा राजस्व विभाग की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पटवारियों की कार्य प्रणाली सदा ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है। क्योंकि जहां तहसील क्षेत्र में 6 माह के अंदर में दो पटवारियों को रिश्वत लेते हुये पकड़ा जाना तो दूसरी ओर पटवारियों द्वारा अघोषित रूप से अपना कार्यालय संचालित करना वरिष्ठ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर गाडरवारा तहसील क्षेत्र में पदस्थ पटवारियों को रहन सहन से लेकर उनका रवैया किसी बड़े आईएएस अधिकारी के तरह चमचमाती गाड़ियों पर डियूटी के लिये जाते हुये दिखाई देने से लेकर छोटे से छोटे कार्य के लिये पांच अंको के नीचे बात न करना सदा ही चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है...?

## संविधान दिवस पर नगर के एसडीओपी कार्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार का हुआ वितरण




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नशामुक्ति को लेकर आम लोगों के बीच जागरूकता लाने के लिये पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाते हुये अनेक प्रकार के आयोजन किये जा रहा है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका के निर्देशन में बीते हुये बुधवार को स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस के मौके पर उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया ।संपूर्ण अनुविभाग स्तर पर छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के द्वारा मेरा देश मेरा गर्व एवं कर्म ही पूजा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों हेतु नगद ईनाम एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए । इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रत्नेश मिश्रा के द्वारा नगर के कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक शाला से कुमारी श्रीदुबे को प्रथम पुरस्कार 1,500 रुपए तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसीपार से कुमारी पूनम यादव को द्वितीय पुरस्कार 1,000 रुपए एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा से कुमारी सुहाना मरावी को तृतीय पुरस्कार 500 रुपए प्रदान किया गया । साथ ही जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे हम होंगे कामयाब अभियान एवं नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के आलवा थाना प्रभारी प्रियंका केवट, उप निरीक्षक वर्षा धाकड़, प्राचार्य सुशील कुमार शर्मा, समाज सेवी मुकेश बसेड़िया, गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन एवं मादक पदार्थों, शराब, सिगरेट, बीड़ी एवं तंबाकू से होने वाले नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के माध्यम से छात्र छात्राओं का किया मूल्यांकन, चयनित शालाओं के कक्षा तीसरी, छटवीं व नवमीं के विद्यार्थी हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**




बुधवार को क्षेत्र की चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के तहत मूल्यांकन किया गया। इस सर्वेक्षण हेतु चीचली विकास खंड मे 19 एवं साईंखेड़ा ब्लॉक मे 12 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का चयन सेम्पल शालाओं के रूप मे किया गया था। चयनित सेम्पल शालाओं मे सुबह नियुक्त एफ.आई ने उपस्थित होकर उन्हें निर्धारित कक्षा से निश्चित छात्र छात्राओं का चयन कर सर्वेक्षण को पूर्ण कराया। सर्वेक्षण मे छात्र छात्राओं ने ओएमआर शीट पर प्रश्नों के उत्तर अंकित किए गये। जानकारी के अनुसार सर्वे को सफल बनाने की दृष्टि से साईंखेड़ा एवं चीचली विकास खंडो मे अलग अलग कंट्रोल रूम बनाकर उसमे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गईं थी। इस तरह बुधवार को हुए सर्वेक्षण मे प्राप्त जानकारी के अनुसार चीचली ब्लॉक मे कक्षा 3 के 159 तथा कथा 6 के 111 एवं कक्षा 9 के 178 छात्र छात्राओं सहित कुल 448 शामिल हुये। वही साईंखेड़ा ब्लॉक मे भी निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कुल 367 छात्र छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि चीचली ब्लॉक मे हुए सर्वेक्षण का जिले से प्राचार्य गोविंद बड़कुर व टीम सहित बीआरसी डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया वही साईंखेड़ा ब्लॉक की सेम्पल शालाओं मे भी बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया ने निरीक्षण कर निर्देश दिए।

## कांपते हाथों में पासबुक थाम लौट रहे पेंशन पाने वाले वृद्ध

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सरकार वृद्धों को सुविधाएँ देने का तो दावा करती है पर स्वास्थ्य से लाचार वृद्ध महिलाएँ, पुरूष जीवन के आखिरी पड़ाव में किन कठिनाईयों का सामना कर रहे है, शायद इसकी पड़ताल कराने में प्रशासन कोई रूचि नहीं लेता है? जिसका नतीजा है की वृद्ध जन घनघोर अभावों में अपना शेष जीवन करने मजबूर होते हुए देखे जा रहे है, इसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों शहर में देखने को मिल रही है। क्योंकि नपा से लेकर पंचायतों में बैठे हुए लोगों की उदासीनता का प्रमाण है कि आज भी अनेक वृद्ध इस प्रकार के है जो इस योजना का लाभ लेने से बंचित दिखाई पड़ रहे है और वह आये दिन नपा या फिर पंचायत कार्यालयों के चक्कर काटते हुए देखे जाते है? इस संबंध बताया गया है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धो, विकलांगो, विधवाओं को जो सरकार की ओर से मासिक पेंशन मिलती है उससे अनेक लोग आज भी वंचित चल रहे है। कभी कभी हालत इस प्रकार से देखने मिली है कि उन्हें 4 से 6 माह तक पेशन बैंक शाखाओं से प्राप्त नहीं हो पाती है, जिससे उन्हे आर्थिक दिक्कतों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है? इस संबंध में नगर के वृद्धो ने बताया कि वृद्धावस्था पेशन के वितरण में जो झमेला चल रहा है, वह असहनीय है, वृद्ध महिलाओं, पुरूषो को भले सरकार पेंशन के रूप अल्प राशि दे रही है पर उसका वितरण अनियमित हो रहा है, वृद्धावस्था पेशन पाने की आस में शरीरिक शिथिलता की मार झेल रहे वृद्ध जन बैंको में पहुॅचते है।

## ग्राम कोटवार के साथ की गई मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सलैया के ग्राम गोटवार द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा गांव के रहने वाले परमसुख जाटव से पुराना विवाद चल रहा है। वही बीते हुये दिवस जब घर के पास शंकर मंदिर में भंडारा चल रहा था तभी परमसुख जाटव वहाँ आया और पुराने विवाद को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ढोलू कंपनी ने नहीं दिया सेफ्टी पर ध्यान, ओव्हर लोड हाइवा पलटा

**अनूपपुर।** रामपुर मेगा प्रोजेक्ट में काम कर रहे ढोलू कंपनी द्वारा सेफ्टी का ध्यान न रखते हुए माइंस में गाड़ियों का संचालन किया जाता है। इसी का नतीजा है कि बुधवार को एक मिट्टी पत्थर से लोड हाईवे पलट गया जिसमें ड्राइवर को मामूली चोट आई हैं और उसका इलाज रामपुर में सरकारी अस्पताल में कराया गया। गाड़ी में इतना लोड दे दिया जाता है कि वह गाड़ी डंपिंग तक बराबर पहुंच नहीं पाते हैं और पलट जाते हैं।

### लिटिल स्टेप्स के छात्रों ने किया आरओ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का ज्ञानवर्धक दौरा

**अनूपपुर।** लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल के कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने हाल ही में अनूपपुर जिले को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने वाले आरओ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का शैक्षिक दौरा किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना और स्वच्छ पानी के महत्व को समझाना था। दौरे के दौरान, छात्रों ने जल शोधन के विभिन्न चरणों जैसे फिल्ट्रेशन, रिवर्स ऑस्मोसिस और गुणवत्ता परीक्षण को नजदीक से देखा। प्लांट के विशेषज्ञों ने बच्चों को समझाया कि कैसे गंदे पानी को स्वच्छ और पीने योग्य बनाया जाता है। छात्रों ने जिज्ञासा से पूरी प्रक्रिया को देखा और कई सवाल भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरलता से उत्तर दिया। लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल की प्राचार्या ने इस सफल आयोजन के लिए उप-प्राचार्य शिवम शुक्ला की पहल की सराहना की। उन्होंने शिक्षिकाएं सत्यवती मैम और दुर्गा मैम को भी बधाई दी, जिन्होंने छात्रों को सुरक्षित रूप से प्लांट तक ले जाकर यह ज्ञानवर्धक दौरा संपन्न कराया। प्राचार्या ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र वास्तविक दुनिया से सीखें और समझें कि स्वच्छ पानी का कितना महत्व है। इस तरह की शैक्षिक यात्राएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इसके साथ ही, हमारा एक और महत्वपूर्ण लक्ष्य यह है कि छात्र सिर्फ पढ़ाई कर नौकरियों के लिए ही तैयार न हों, बल्कि उनमें उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) की जिज्ञासा भी उत्पन्न हो।

### पीएम किसान सैचुरेशन एवं फार्मर आईडी बनाने के लिए पत्र जारी

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार की राशि 03 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए एनेबल करने की कार्यवाही पूर्ण की जाए। जारी आदेश में कहा गया है कि हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी कराने के लिए प्रचार-प्रसार एवं कैम्प का आयोजन किया जाए। आयोजित कैम्प को सेक्टर में विभाजित कर सतत भ्रमण के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए जाए, जो संबंधित तहसीलदार को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। कैम्प आयोजन की सूचना पीएमकिसान हितग्राहियों को सभी सथासंभव तरीके से मुनादी आदि माध्यम से प्रदान की जाए, साथ ही फार्मर रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित जानकारी दी जाए।

# कलेक्टर ने ग्राम करौंदी में कृषि कार्यों में उपयोग किए जा रहे नवाचारों का किया निरीक्षण

डिंडोरी



कलेक्टर हर्ष सिंह ने शहपुरा जनपद पंचायत के तहत ग्राम करौंदी में कृषि कार्यों में उपयोग किए जा रहे नवाचारों का निरीक्षण किया। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग किए जा रहे हैप्पीसीडर एवं उर्वरक छिड़काव के लिए उपयुक्त ड्रोन तकनीक का प्रायोगिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि में नवाचार का उपयोग कर रहे कृषकों से चर्चा की। उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया ने हैप्पीसीडर तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हैप्पीसीडर रोटर और जीरो ड्रिल मशीन को मिलाकर तैयार मशीन है जिसके उपयोग नरवाई का प्रबंधन आसानी से होता है। हैप्पीसीडर के उपयोग से कृषक अपने और श्रम की बचत कर सकते हैं। इसके उपयोग से फसल अवशेष खेतों में मिल जाते हैं तथा साथ में ही बोवनी हो जाती है। हैप्पीसीडर के माध्यम से प्रति एकड़ खेती में चार से पांच हजार तक की बचत होती है। साथ ही नमी प्रबंधन, कार्बनिक पदार्थों में वृद्धि भी होती है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने हैप्पीसीडर का उपयोग कर रहे कृषकों से चर्चा की। जिसमें करौंदी मुडकी के श्री भीमशंकर साहू ने बताया कि पहले फसल कटाई के बाद खेत तैयार करने में 15 से 20 दिन लगते थे, हैप्पीसीडर की मदद से खेत जल्दी तैयार हो जाता है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने इस दौरान हैप्पीसीडर की प्रक्रिया का जायजा लिया।ड्रोन की मदद से कीटनाशक, उर्वरक छिड़काव हुआ आसान

कलेक्टर ने ग्राम करौंदी में ड्रोन से उर्वरक छिडकाव का निरीक्षण किया। करौंदी ग्राम के ड्रोन पायलेट आशीष ने बताया कि उन्होंने आयोटेक ग्वालियर से ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ड्रोन के माध्यम से खेती के लिए उपयुक्त उर्वरकों का छिड़काव आसानी से किया जाता है। ड्रोन में मैपिंग कर इसका रूट निर्धारित कर ऑटोमेटिक कार्य भी किया जा सकता है। ड्रोन से समय की बचत होती है साथ ही श्रम लागत भी कम है। कलेक्टर सिंह ने ड्रोन तकनीक के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और इसके उपयोग के बारे में कृषकों को जागरूक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, सहायक संचालक कृषि सुश्री नेहा धूरिया, तहसीलदार शहपुरा श्री पुष्पेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## औद्योगिक विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत ग्राम घुसिया माल में किया स्थल निरीक्षण



डिंडोरी

कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के दृष्टिगत आज बुधवार को ग्राम घुसिया माल (विक्रमपुर क्षेत्र) में स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के लिए उपलब्ध शासकीय भूमि का निरीक्षण करते हुए औद्योगिक विकास के लिए स्थल पर मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। ज्ञात हो कि जिले में औद्योगिक विकास के लिए प्रशासन सतत रूप से प्रयासरत है। क्षेत्र में उद्योग स्थापना के लिए आवश्यक भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने उद्योग स्थापना हेतु पहुंच मार्ग, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति आदि मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग श्रीमती राधिका कुसरो ने ग्राम घुसिया माल में उपलब्ध शासकीय भूमि की जानकारी देते हुए बताया कि यह क्षेत्र शहर से नजदीक और औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## बरगांव में कलेक्टर ने जलजीवन मिशन की कार्यप्रगति का किया निरीक्षण



**डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने बरगांव में जलजीवन मिशन की कार्यप्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया, जिसमें उन्होंने इनटेक वेल, पम्प हाउस, पाइप लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य तकनीकी जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि प्रोजेक्ट का कार्य प्रगतिशील है जिससे आसपास के गांवों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने प्रोजेक्ट को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीओ पीएचई श्री राजेश गौतम, शहपुरा तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यवसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करने पर सिलेण्डर जप्त कर की कार्यवाही



**डिंडोरी।** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी समनापुर श्री नितिन जायसवाल द्वारा आज माँ नर्मदा जलपान ग्रह नानडिंडौरी समनापुर में घरेलू उपयोग के लाल एलपीजी सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक प्रतिष्ठान में करने पर द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर प्रकरण तैयार करते हुए सिलेंडर जपती की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान विभागीय अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## आनंदम दीदी कैफे डिंडौरी में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की थीम पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**डिंडोरी।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा" के तहत महिला एवं बाल विकास द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, म.प्र. दीनदयाल अंत्योदय योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडौरी एवं लोक अधिकार केन्द्रीय डिंडौरी के संयुक्त तत्वाधान में "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" की थीम पर आनंदम दीदी कैफे डिंडौरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक श्री ओमकार मरकाम मुख्यातिथ्य में किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी श्रीमती आशा धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य (महिला एवं बाल विकास सभापति) श्रीमति हीरा रुद्रेश परस्ते, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और समूह की महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे एवं डिंडौरी विधायक श्री ओमकार मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बाल विवाह के विरूद्ध दीदीयों को जागरूक किया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह होने की सूचना देने के लिये प्रेरित किया। बताया गया कि अगर कोई भी बाल विवाह के संबंध में सूचना देते है तो उनका नाम गोपनीय रखी जाती है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत जिले के दोनों विधायकों ने बाल विवाह न करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को वन स्टॉप सेन्टर प्रशासक श्रीमती नीतू तिलगाम द्वारा जेंडर समानता, बाल विवाह, हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्ड लाइन (1098), वन स्टॉप सेंटर (सखी), महिला हेल्प लाइन (181) के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## वीरांगना रानी अवंती बाई के शहादत को नमन करते हुए मनाएंगे पेंशन दिवस




डिंडोरी

प्रौग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन सचिव सह जिलाध्यक्ष राम गोपाल तथा जिला प्रवक्ता केशव प्रसाद पाण्डेय एवं तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह महदेल द्वारा जारी संयुक्त प्रेस नोट के अनुसार विगत दिवस दीदी कैफे में आयोजित संगठन की जिला स्तरीय मासिक बैठक में वरिष्ठ सलाहकार माननीय श्री मथुरा प्रसाद धुर्वे की अध्यक्षता तथा संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी, महिला प्रकोष्ठ प्रांतीय प्रति निधि श्रीमती सी बी उरैती तथा सलाहकार डी पी शुक्ला की उपस्थिति में पेंशन दिवस के अवसर पर जिले के पेंशनर शाहपुर के पास बालपुर में वीरांगना रानी अवंती बाई के शहादत को नमन करेंगे।संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष सुश्री सावित्री नामदेव, श्रीमती कीर्ति कछवाहा, श्याम लाल साहू, कार्यकारी तहसील अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया, कोषाध्यक्ष सीता राम श्रीवास्तव, सचिव प्रेम लाल झारिया ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर सचिव सीता राम पाण्डेय के अनुसार मासिक बैठक नवागत आजीवन सदस्य श्रीमती अनवरी बेगम, श्रीमती रजनी बर्मन तथा सुग्रीव सिंह श्याम का शाल ओढ़ाकर सम्मान के साथ ही पेंशन दिवस के आयोजन की रुपरेखा तैयार की गई।बैठक में उपस्थित पंडित हीरा लाल दुबे,उदय चंद मरावी,नजुमन निशा के अनुसार पेंशन दिवस के दिन महिला प्रकोष्ठ जिला कार्य कारिणी की घोषणा भी की जाएगी । बैठक के अंत में प्राचीन डिंडोरी निवासी वरिष्ठ पेंशनर स्वर्गीय श्री जीवन लाल जी दुबे को दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

## सिंचाई विभाग की लापरवाही से नहर का पानी खेत में भरा, फसल हुआ बर्बाद

डिंडोरी जिला के शहपुरा ब्लॉक के जिले का सबसे बड़ा सिंचाई परियोजना बिलगड़ा जलाशय योजना गांव गांव नहर के माध्यम से किसानों के लिए सिंचाई के लिए बहुत बड़ा अच्छा साधन है लेकिन जल संसाधन विभाग विभाग के अधिकारियों के द्वारा नहर की मरम्मत सुधार कार्य के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की होली खेली जाती है।



**डिंडोरी ।** किसानों के खेत में कहीं-कहीं इतना पानी भर जाता है कि किसानों की फसले बर्बाद हो जाती हैं और कई जगह तो पानी आज तक पहुंचा ही नहीं आखिर इतनी बड़ी सिंचाई परियोजना कहां तक सफल दिखाई दे रहा है लोगों को कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी केवल और केवल मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति करने में और अपने जेब भरने में लगे हुए हैं और किसान हर समय परेशान होता हुआ ही नजर आता है ऐसा ही ताजा उदाहरण शाहपुरा ब्लॉक की रनगांव का है जहां जल संसाधन विभाग के द्वारा बनाई गई नहर सीपेज से किसान की खेत में कटी हुई फसल के रनगांव में किसान के खेत में पानी भर गया और पूरी फसल बर्बाद हो गया।,पीड़ित किसान ने मुआवजा को लेकर लगाई गुहार दरअसल मामला है शहपुरा विकासखंड के रनगांव का खेत नहर का पानी घुस गया जिसके चलते किसान की फसल बर्बाद हो गई । दरअसल किसान ने धान की फसल मशीन से कटाई करवाई और अचानक रात में नहर का पानी खेत में घुस गया जिसके चलते फसल बर्बाद हो गई पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा को लेकर गुहार लगाई है ।

## आयुक्त जबलपुर संभाग एवं रोल प्रेक्षक 20 दिसंबर को आयेंगे

**डिंडोरी।** आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर एवं रोल प्रेक्षक 20 दिसंबर 2024 को डिंडौरी आयेंगे। आयुक्त जबलपुर संभाग को डिण्डौरी जिले के लिये अर्हता तिथि 01ध01ध2025 के मान से फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण 2025 हेतु रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। रोल प्रेक्षक द्वारा कलेक्टर कार्यालय में बैठक ली जाएगी, जिसमें विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र से एक-एक बीएलओ अपना रिकार्ड लेकर जिला स्तरीय स्वीप इंचार्ज, कैम्पस ऐम्बेसेडर भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में चौक लिस्ट-2 की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान रोल प्रेक्षक जिले के कुछ मतदान केंद्रो का भ्रमण भी करेंगे। भ्रमण के दौरान कोई भी नागरिक प्रेक्षक से मतदाता सूची से संबन्धित किसी शिकायतध्बिंदु के लिए मिल सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने संबल योजना के तहत जिले के 100 हितग्राहियों के खाते में की राशि अंतरित



**डिंडोरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत 10,236 हितग्राही श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में 225 करोड़ की राशि का आज सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। जिसमें डिंडोरी जिले के 100 हितग्राहियों के खाते में 2 करोड़ 08 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। उक्त वर्चुअल कार्यक्रम में शाहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे सहित अन्य हितग्राही एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योजना के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने डिंडोरी जिले से श्रीमती लमती बाई से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब कल्याण ही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्रीमती लमती बाई ने उनके खाते में योजना की राशि अंतरित करने पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी को धन्यवाद देते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

## राज्य स्तरीय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छात्र धर्मेंद्र धुर्वे का चयन



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार राज्य स्तरीय पुरूष बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 दिसंबर एवं 5 दिसंबर को ग्वालियर में किया जाएगा। जिसमें शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के छात्र धर्मेन्द्र का चयन किया गया हैं। छात्र बॉलीबॉल प्रतियोगिता खेलने ग्वालियर जायेंगें। छात्र ने शासकीय महाविद्यालय अमरपुर का नाम रोशन किया हैं। संस्था प्रमुख संदीप सिंह के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र को जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कराया गया था। जिसमें खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह, सहायक प्राध्यापक देव प्रकाश उइके, रूपेंद्र वरकड़े, डॉ. सुनील काकोडिया, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. सौरभ सावंत, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. दीपक सिंगरौल, कैलाश प्रसाद लखेरा, प्रदीप कुमार कहार, हरिशंकर गुप्ता, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. प्रियंका दहिया, जयदीप दुबे, दीपचंद गुप्ता, समीर वास्ते, मरावी जी ने क्रीड़ा अधिकारी एवं धर्मेन्द्र धुर्वे को उनके बेहतरीन खेल प्रदर्शन एवं आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## महाविद्यालय मेंहदवानी में एड्स नियंत्रण जागरुकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**मेंहदवानी** शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में बुधवार को कार्यक्रम के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ गौरी सिंह परते एवं सुश्री माया कनासे के नेतृत्व में एड्स नियंत्रण जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदवानी के श्री अनुराग साहू उमंग परामर्श दाता द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी इसके साथ इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए जानकारी दी तथा छात्र छात्राओं को अपने और आसपास के लोगों को भी एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक करने प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात विश्व एड्स दिवस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संगीता यादव, संतोषी वरकड़े, खुमानशाह मरावी, पूजा मसराम, धनेश्वरी भवेदी, रोशनी कुलस्ते, संतोष कुम्हरे, संतोष यादव आदि छात्रों ने सहभागिता की। एचआईवी एड्स पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में डॉ शशिकांत चंदेला, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, सुश्री माया कनासे, श्रीमती सुंदरवती यहके, डॉ अलका अवस्थी, श्रीमती अमृता सूर्यवंशी, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## सूचना दी गई 4 लाख की पर खाते में आए मात्र 50 हजार

**डिंडोरी अमरपुर।** शासन द्वारा संचालित संबल योजना के तहत आकस्मिक निधन पर शासन से 4 लाख रुपए निकटतम परिजन को देने का प्रावधान हैं। लाभार्थी परिजन को कार्यालय तहसीलदार डिंडौरी द्वारा सूचना पत्र क्रमांकध



तह.ध्ना.ना.ध2024ध983 डिंडौरी दिनांक 21.10.2024 के माध्यम से कृष्णा बाई पति स्व. झलक लाल निवासी ग्राम रामगढ़ जनपद पंचायत अमरपुर सूचना दी गई कि राजस्व पुस्तक 6-4 के तहत विपत्ति ग्रस्त के खाते में 4 लाख रुपए डाले गए थे। उक्त राशि जमा हुई या नहीं, अपने बैंक खाते में जांच करा लें। अन्यथा बैंक पासबुक के साथ कार्यालय में आवेदन सहित उपस्थित होने लेख किया गया हैं। जब विपत्ति ग्रस्त महिला अपने बैंक खाते में राशि जमा की जानकारी ली। तब पता चला कि 4 लाख रुपए जमा नहीं हुए हैं। जिस महिला का खाता एसबीआई क्योश्क बैंकिंग से मिनी स्टेटमेंट निकला गया।

जिसमें जानकारी लगी की 9.9.2024 को मात्र 50 हजार रुपए ही जमा हुए हैं। तब से विपत्ति ग्रस्त आदिवासी महिला संबंधित कार्यालय के चक्कर काट रही हैं। जिसे अभी तक शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल सका हैं।

## मेंहदवानी में आज से कबीर निर्गुण पुराण एवं ज्ञानयज्ञ सत्संग समारोह का आगाज

**मेंहदवानी।** विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी के कबीर चौक में आज से कलश शोभायात्रा,पुराण स्थापना एवं निशान पूजन के साथ कबीर निर्गुण पुराण एवं ज्ञानयज्ञ सत्संग समारोह का आगाज हो रहा है। कबीरपंथी धर्मप्रेमी समाज एवं क्षेत्रीय ग्रामवासियों द्वारा आयोजित समारोह में 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक प्रातः आरती एवं दोपहर में संगीतमय ज्ञानयज्ञ सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 9 दिसंबर को सद्गुरु श्री कबीर साहेब का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 12 दिसंबर को सार्वजनिक यज्ञ, हवन-पूजन,गुरूगीता,दीक्षा मंत्र, भंडारा,चौका आरती के बाद जल बिहार शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। बुधवार सनातन चेतना मंच के तत्वधान में विविध धर्म संगठनों द्वारा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मंच ने भारत सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा और धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। मंच ने बताया कि स्वतंत्रता के समय बांग्लादेश में 22 प्रतिशत हिंदू थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 7.9 प्रतिशत रह गई है। ज्ञापन में कहा गया कि 5 अगस्त 2024 के बाद से बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं की हत्या और 6,000 से अधिक हमले दर्ज किए गए हैं। मंदिरों को तोड़ने और मूर्तियों का अपमान करने जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।



### ये रही महत्वपूर्ण घटनाएं

25 नवंबर 2024 ढाका में इस्कॉन के प्रमुख स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी को झूठे देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 24 नवंबर 2024 बगेरहाट में एक हिंदू लड़की को जबरन धर्मांतरण कर आतंकी संगठन में शामिल किया गया। 20 नवंबर 2024 बरिसाल में हिंदू समुदाय के घर और दुकानें जला दी गईं। 19 सितंबर 2024 सिलहट में बौद्ध और हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया। ऐसी अनेकों घटनायें हो चुकी जिससे बांग्लादेश मे निवास कर रहे अप्लसंख्यकों के लिये संकट बना हुआ।

### ये रहीं मुख्य मांगें

1. भारत सरकार बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए ताकि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और स्वामी चिन्मय प्रभु को बिना शर्त रिहा किया जाए।
2. संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के माध्यम से बांग्लादेश को जवाबदेह ठहराया जाए।
3. अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दी जाए।
4. बेदखल हिंदू परिवारों को पुनः उनकी जमीन और संपत्ति लौटाई जाए। सनातन चेतना मंच द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक धरोहर पर भी हमला है। उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।



### बांग्लादेश की घटनाएं है पीड़ा दायक

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह सब घटनाएं हमको दुखी और व्यथित करती हैं। किंतु अफसोस का विषय है कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन हैं। युवा कांग्रेस नेता रोहित पटेल ने कहा है कि निश्चित तौर पर बांग्लादेश की घटनाएं हमारे लिए पीड़ा दायक हैं केंद्र सरकार बांग्लादेश की घटना पर चुप्पी साधे हुए है अपने आपको हिंदुत्व का ठेकेदार बताने वाले संगठन कोरा राग अलाप रहे हैं इन संगठनों को चाहिए कि वे तथाकथित हिंदूवादी सरकार पर दबाव डालकर बांग्लादेश को बलपूर्वक सेना के माध्यम से ठीक कर दें। हमारे देश में आधुनिक पूर्ण रूप से सैन्य रूप से तैयार होने के बाद देश की सरकार का चुप होना समझ से परे है, अन्यथा यह माना जाएगा कि बांग्लादेश पर हिंदू अत्याचार की घटनाओं पर केवल दिखावा किया जा रहा है। अब हम सभी को 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली पूर्ण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद आ रही है जिन्होंने विश्व की कई ताकतों के आगे न झुक कर सेवा के द्वारा पाकिस्तान के टुकड़े कर दिए।

## खबर संक्षेप

### एटीएम में नहीं है सुरक्षा के प्रबंध



**तेंदूखेड़ा।** नगर के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के एटीएम लगाये गये हैं लेकिन इनमें सुरक्षा के उचित प्रबंध ना होने की स्थिति में इन केंद्रों में निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे राशि निकालने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक


**तेंदूखेड़ा।** आने वाले 14 दिसंबर को आयोजित होने जा रही नेशनल लोक अदालत को लेकर तहसील विधिक सेवा समीति के द्वारा जागरुकता शिविर का आयोजन न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें स्पष्ट किया गया कि अदालत में प्रकरणों का सुलभता से आपस में समझौता से निराकरण किया जाये। जिनमें पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण राजीनामा योग्य अपराधिक मामले जल विद्युत कर से संबंधित मामले निपटाये जायेंगे लोगों को इसका अधिक लाभ मिले इस दिशा में सभी मिलकर प्रचार प्रसार करें।इस मौके पर अधिवक्ता संघ से मुकेश जैन गगन अग्रवाल रामेश्वर केवट सुनील पटेल चित्रांश श्रीवास्तव वर्षा जैन सहित पक्षकार उपस्थित थे।

### लैब टेक्नीशियनों ने मानदेय भुगतान में देरी पर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत टेलीमेडिसिन प्रोजेक्ट में कार्यरत लैब टेक्नीशियनों ने अपने मानदेय भुगतान में देरी और अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। लैब टेक्नीशियनों ने ग्लोबल हेल्थ केयर कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए और प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। लैब टेक्नीशियनों का कहना है कि पिछले चार महीनों से उनका मानदेय नहीं दिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी शिकायत है कि जब वे वेतन के बारे में पूछताछ करते हैं, तो कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। लैब टेक्नीशियनों ने यह भी कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वह आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

### श्रीमती रंजना पटेल का निधन



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले के पिपरिया (बरौदिया) निवासी व सहकारी बैंक नरसिंहपुर से सेवानिवृत्त मैनेजर श्रीमती रंजना पटेल का आकस्मिक निधन हो गया। आप स्व. प्रभु दयाल पटेल की धर्मपत्नी और देवेन्द्र पटेल (दिब्बू भैया) की भाभी थीं। पटेल परिवार पिपरिया की सबसे बड़ी बहू के रूप में उन्हें परिवार और समाज में सम्मान प्राप्त था। अंतिम यात्रा निज निवास से स्थानीय झिरना रोड मुक्तिधाम नरसिंहपुर पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। आप जीवनकाल में धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। उनके योगदान ने कई सामाजिक कार्यों को सफल बनाया। उनका सरल स्वभाव और परोपकारी दृष्टिकोण हमेशा याद रखा जाएगा।

## जिले के 825 हितग्राहियों को 17.98 करोड़ रुपये का हितलाभ वितरित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया। उन्होंने संबल योजना के अंतर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से नरसिंहपुर जिले के 825 हितग्राहियों को 17 करोड़ 98 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा यह राशि अंतरण का सीधा प्रसारण जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों में देखा व सुना गया। स्थानीय एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका नरसिंहपुर अध्यक्ष नीरज दुबे, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और हितग्राही मौजूद थे। यहां अतिथियों ने संबल योजना के विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये।



श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत गोटेगांव के 148 हितग्राहियों को 3 करोड़ 24 लाख रुपये, नरसिंहपुर के 137 हितग्राहियों को 3 करोड़ रुपये, करेली के 129 हितग्राहियों को 2 करोड़ 86 लाख रुपये, चांवरपाठा के 98 हितग्राहियों को 2 करोड़ 24 लाख रुपये, चीचली के 93 हितग्राहियों को एक करोड़ 98 लाख रुपये व सांईखेड़ा के 62 हितग्राहियों को एक करोड़ 32 लाख रुपये और नगर पालिका गाडरवारा के अंतर्गत 56 हितग्राहियों को एक करोड़ 16 लाख रुपये, नरसिंहपुर के 31 हितग्राहियों को 66 लाख रूपये, करेली के 22 हितग्राहियों को 46 लाख रूपये, गोटेगांव के 17 हितग्राहियों को 34 लाख रूपये एवं नगर परिषद सांईखेड़ा के 11 हितग्राहियों को 24 लाख रूपये, चीचली के 8 हितग्राहियों को 18 लाख रूपये, सालीचैका के 7 हितग्राहियों को 16 लाख रूपये व तेंदूखेड़ा के 6 हितग्राहियों को 14 लाख रूपये सहित कुल जिले के 825 हितग्राहियों को 17 करोड़ 98 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे बैंक खाते में अंतरित की गई।



### पूर्व रास सांसद ने वितरित की 13 ई- ट्राई साइकिल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने सांसद निधि से दिव्यांग हितग्राहियों को ई ट्राई साइकिल प्रदान की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, नीलकमल जैन, विनीत नेमा, सीएमएचओ डॉ. आशीष प्रकाश सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग का अमला और हितग्राही मौजूद थे। ई- ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम आईपीपी 6 जिला चिकित्सालय परिसर नरसिंहपुर में किया गया। हितग्राहियों को ई- ट्राइसिकल चलाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। उक्त ई- ट्राइसिकल के साथ चार्जर, हेलमेट, ताला दिया गया है।

## ब्राह्मण महिला परिषद का जिलास्तरीय विप्र मातृशक्ति समागम आयोजित

**गोटेगांव।** विगत दिवस ब्राह्मण महिला परिषद के सातवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय mimt कॉलेज में मनाया गया विप्र मातृशक्ति समागम।जिसमे गाडरवारा से साधना स्थापक पूर्व विधायक,करेली से भारतीं पालीवाल अध्यक्ष करेली,गाडरवारा से पूजा तिवारी जिलाध्यक्ष,राजमार्ग से निशा शर्मा ,प्रियंका खेमरिया अध्यक्ष गोटेगांव, साईंखेड़ा से सुषमा तिवारी अध्यक्ष, एव सुआतला से अनुपमा डबरैया ने अपनी अपनी टीम के संग सराहनीय उपस्थिति दी।कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती विवेक पाण्डे इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण मातृशक्ति को किसी भी असामयिक घटना से उबरने और सामाजिक सुधार के लिए एक जुट होकर कार्य करना बताया।कार्यक्रम के दौरान सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने उदबोधन में ब्राह्मण मातृशक्तियों को एकजुट हो कर कार्य करने की सलाह दी।गाडरवारा से पधारी साधना स्थापक ने महिलाओं को आत्मशक्ति से भरपूर कर दिया।उन्होंने अपने भीतर छिपीं प्रतिभा को निखार कर समाज को नई दिशा देने पर ज़ोर दिया। विवेक पांडे ने अपने उदबोधन में अंतरजातीय विवाह को रोकने पर ज़ोर देते हुए ब्राह्मणवाद को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने कहा आपने समाज का व्यक्ति है तो उसे व्यवसाय,नौकरी एवम अन्य क्षेत्र में आगे लाने की कोशिश करे।। एक निश्चित उम्र पर बच्चो का विवाह



करे,निशा शर्मा ने सामाजिक एकता पर जोर दिया,यदि सब मिलजुलकर कार्य करेंगे तो सदैव समाज की ही नही विश्व की भी तरक्की होगी।सुषमा तिवारी ने बचपन से ही सामाजिक संस्कार पर ज़ोर दिया।प्रियंका खेमरिया ने संगठन के द्वारा जिलास्तर पर कार्य करने पर सभी को विचार करने का कहा अनुपमा ने तिलक और बच्चों के संस्कार पर जोर दिया अदिति दुबे की सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत ने अंत तक हर महिला में सामाजिक सुधार के जज्बे को भर दिया,प्रियंका गोस्वामी की ओजस्वी कविता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।और कामिनी दुबे के आएंगे परशुराम गीत ने सभी महिलाओ को झूमने पर मजबूर कर दिया।दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरे हॉल में हर महिला अपने मुख से सामाजिक विकारों को दूर करने के लिए अपने विचार बताने को उद्यत थी।नगर अध्यक्ष सुनन्दा भट्ट इतनी भीड़ और लोगों के विचार जानने के बाद अभिभूत हो गई।उन्होंने इस सफल कार्यक्रम का श्रेय अपनी कार्यकारिणी और पधारे हुए अतिथियों को दिया।उन्होंने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि वे जिलाध्यक्ष के निर्देशन में इस तरह की वैचारिक गोष्ठी का पुनः आयोजन करेंगी।कार्यक्रम का सफल संचालन नीरा बुधौलिया एव नन्दिता चौबे ने किया, इस अवसर पर संगठन की अनेक महिला सदस्य उपस्थित रही।

## वैश्य महासम्मेलन ने किया कलैंडर का विमोचन



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की महिला इकाई गोटेगांव की एक अनौपचारिक बैठक तहसील अध्यक्ष के निवास पर आयोजित की गई बैठक में प्रदेश से प्राप्त हुए निर्देशों को जिला प्रभारी मंजू सोनी, जिला अध्यक्ष सपना जैन ने सभी को अवगत कराया जिसमें संगठन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस संगठन ने हम महिलाओं को पूरे प्रदेश में सतत सक्रिय रहने का मौका दिया है, गोटेगांव की हमारी बहनें, लगातार एक से बढ़कर एक कार्यक्रम करती हैं जो की सराहनीय है, जिला प्रभारी मंजू सोनी ने कहा कि हम विभिन्न घटकों के सभी मिलकर जब एक साथ कोई आयोजन करने आपसी सद्भाव बढ़ता है एवं आपसी एकता मजबूत होती है, 12 जनवरी को होने वाली पारिवारिक जिला पिकनिक में अधिक से अधिक सभी को शामिल होने की अपील की गई, बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय के साथ ही संगठन की संपूर्ण जानकारी संयुक्त वैश्य महासम्मेलन मप्र के अंग्रेजी वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया इस अवसर पर जिला मंत्री मीना अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रश्मि खरया, तहसील प्रभारी नीलम सोनी, संरक्षक आरती ताम्रकार, संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी मनीष राय,छाया केसरवानी, मंजू गुप्ता डॉ राखी अग्रवाल, ज्योति केसरवानी, शारदा सोनी, दिव्या खरया आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

### एक प्रभारी राजस्व निरीक्षक व 8 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी- कर्मचारी राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यों में गति लायें। राजस्व महाअभियान के तहत लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि के साथ समय-सीमा में हो। उक्त निर्देश कलेक्टर ने गाडरवारा तहसील में आयोजित राजस्व महाअभियान 3.0 और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान दिये।बैठक में एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, तहसीलदार, नायब तहसीलदार,राजस्व निरीक्षक,पटवारी, राजस्व विभाग का अमला मौजूद था। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, नक्शा अद्यतन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री व परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन के कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एक प्रभारी राजस्व निरीक्षक व 8 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सर्किल अंतर्गत ज्यादातर पटवारी हल्कों में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग की प्रगति अत्यंत न्यून है। इस पर जानकारी लेने पर संबंधितों द्वारा कोई संतोषजनक एवं समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया।

## गजरथ महोत्सव में पहुंचे हाथी का विधायक ने किया पूजन

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने खेत में जैन समाज के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के सामाजिक बंधु भक्ति भाव से धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे, इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश एवं मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल ने पहुंचकर गजानन हाथी का पूजा अर्चन किया,बताया गया जैन समाज की श्राविकाओं ने निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 निस्सीम सागर जी महाराज एवं ससंघ की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से साधु संघ वैया वृत्तिसमिति का गठन किया है,समिति की संयोजिका रितु जैन ने बताया कि नगर के साथ ही अन्य नगरों में विराजमान मुनि संघ एवं आर्यिका माताजी संघ की वैयावृति करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य के लिए शुद्धिकरण पूर्वक सात्विकता के साथ समय समय पर आहार व्यवस्था करना ही समिति का उद्देश्य है,उन्होंने बताया कि अक्सर मुनि संघ एवं आर्यिका माताजी संघ में जब किसी मुनि महाराज या आर्यिका माता जी के स्वास्थ्य में गिरावट आने की बात पता चलती है तो हम सभी जैन श्रावकों का मन व्यथित हो जाता है क्योंकि अस्वस्थता के बाद भी वह यह प्रगट नहीं होने देंते ओर न ही अस्वस्थता की बात किसी से कहते हैंमुनि संघ 24घंटे में



केवल एक बार आहार लेते हैं तभी उन्हें शुद्ध शाकाहारी मर्यादित पदार्थों से बनी शुद्धिकरण की क्रिया के साथ आहार के साथ आर्युवेद की दवा दी जाती है,मर्यादित शाकाहारी शुद्धिकरण के साथ इन दवाओं का बाजार में उपलब्ध होना आसान नहीं होता हैऐसे में जैनत्व के जानकार वैघ,एवं श्रावकों के यहां ही ये दवा तैयार की जाती है,समिति द्वारा पंचकल्याणक महा महोत्सव में गर्भकल्याणक के दिन श्री जिनेन्द्र भगवान के पूजन के लिए द्रव्यदान कर असीम पुण्य अर्जित किया वहीं इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में भक्ति शामिल हो रहे हैं।